समाधान ऑनलाइन में लंबित समस्याओं का हुआ समाधान...

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाएंः मुख्यमंत्री

20 शासकीय सेवकों के विरूद्ध निलंबन और नोटिस जारी करने की कार्रवाई

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 20 अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल प्रदाय में अव्यवस्था के दोषी ठेकेदार को अर्थदंड से दंडित किया गया।

शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों में से ऐसे प्रकरणों का समाधान किया गया जिनका लंबे समय से समाधान लंबित था। मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी समाधान ऑनलाइन में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

डॉ. यादव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन में शुक्रवार को पेयजल व्यवस्था से संबंधित 3 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को दंडित करने का निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि जिस जिले से नागरिकों के लिए पेयजल की व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्राप्त होंगी वहां संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। पेयजल समस्या से संबंधित एक प्रकरण में सीहोर जिले के भंवर सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत बरखेड़ी में पानी न पहुंच पाने की शिकायत की थी। इस प्रकरण में अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि ठेकेदार फर्म मेसर्स विश्वा पर 37 हजार 469 की शास्ति अधिरोपित की गई है। नल जल योजना के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर कर घरेलू नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्रारंभ करवा दी गई है। इसी तरह मऊगंज के शिकायतकर्ता सुनील कुमार साहू की शिकायत पर डेढ़ वर्ष से पाइप लाइन के टूट जाने से जल प्रदाय में आ रही दिक्कत को दूर कर दिया गया है। इस मामले में भी संबंधित ठेकेदार केएनके कंपनी को तत्काल कार्य करवाने के निर्देश दिए गए। इस प्रकरण में परियोजना इकाई में पदस्थ फील्ड इंजीनियर की सेवाएं समाप्त की गई है। शिकायत का निराकरण समय पर न करने के लिए उत्तरदायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन के उपयंत्री, परियोजना प्रबंधक और सहायक परियोजना प्रबंधक को नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी जिलों में नल-जल योजना के क्रियान्वयन में विलंब करने वालों के विरूद्ध सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा जिले की श्रीमती दुर्गाबाई विश्वकर्मा द्वारा कूप निर्माण के लिए समय पर कार्रवाई न करने के मामले में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सहायक यंत्री की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किए गया है। साथ ही गंभीर लापरवाही के दोषी ग्राम रोजगार सहायक को सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी किया गया। इस प्रकरण में सचिव ग्राम पंचायत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शिकायतकर्ता को कूप निर्माण के लिए 72 हजार 372 रूपए का भुगतान करवा दिया गया है। समाधान ऑनलाइन में खंडवा जिले के दिनेश कलमे ने निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना में राशि मिलने में हुई देर की शिकायत की थी। समाधान ऑनलाइन में यह मामले आने के बाद गत 21 मार्च को कलमे दंपति को एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि का भुगतान हो गया है। इस प्रकरण में लापरवाही बरतने पर सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक, जिला कोषालय अधिकारी और निश्शक्त कल्याण शाखा के प्रभारी सहित सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत खालवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया।मुख्यमंत्री ने सिंगरौली जिले की सुश्री मोनिका द्वारा छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान समय पर न किए जाने की शिकायत पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही यह चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की शिकायत नहीं आना चाहिए वरना सख्त कार्रवाई होगी। इस प्रकरण में शिकायतकर्ता को छात्रवृत्ति की राशि 22 हजार 748 रूपए का भुगतान पोर्टल के माध्यम से कर दिया गया है। डॉ. यादव ने विदिशा के रोहित रैकवार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में की गई शिकायत का समाधान किया गया। आवेदक को दस हजार रूपए की राशि प्रदान कर दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश इस योजना में देश में अग्रणी है। इस नाते योजना के क्रियान्वयन की श्रेष्ठ स्थिति को बनाए रखने के लिए प्रत्येक आवेदक का प्रकरण यथासमय स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने रीवा जिले के घनानंद द्विवेदी के आवेदन पर 20 हजार रूपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। इस प्रकरण में आकाशीय बिजली गिरने से आवेदक द्वारा पशुधन की हानि के फलस्वरूप मुआवजा राशि का आवेदन लगभग सात महीने पहले किया गया था। इस प्रकरण में विलंब के लिए नायब नाजिर को निलंबित कर दिया गया है, साथ ही लापरवाही के दोषी तहसीलदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

आवेदिका को मिली प्रसूति सहायता

समाधान ऑनलाइन में गुना जिले से मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) के अंतर्गत पात्रता के अनुसार प्रसूति सहायता न मिलने का आवेदन आया था। इस प्रकरण में हितग्राही को योजना की राशि प्रदान कर दी गई है। विलंब के दोषी मेटरनिटी वार्ड इंचार्ज, मेटरनिटी विंग डाटा एंट्री ऑपरेटर, तत्कालीन सीएम हेल्पलाइन डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखापाल जिला चिकित्सालय गुना को 7-7 दिन के मानदेय/वेतन कटौती का दंड दिया गया। इसी तरह आरएमओ जिला चिकित्सालय गुना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय गुना और संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ग्वालियर संभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। दतिया जिले के शिकायतकर्ता रोहित ने आवेदक श्री बुद्ध सिंह द्वारा भारतीय स्टेट बैंक दतिया शाखा द्वारा बंधक मुक्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की शिकायत की गई। आवेदक ने केसीसी के सभी भुगतान कर दिए गए, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा तहसील में बंधक मुक्ति का पत्र नहीं भेजा गया। इस प्रकरण में आवेदक ने ऋण नहीं लिया था लेकिन उसकी संपत्ति बंधक बना दी गई थी। इस शिकायत का समाधान गत 21 मार्च को कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धन वर्ग के व्यक्तियों को इस तरह से परेशान होना पड़े। यह अनुचित ही नहीं अपराध भी है। इस तरह के प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन में आई शिकायतों के संदर्भ में यह भी निर्देश दिए कि इस स्वरूप की शिकायतें जिन भी जिलों में लंबित हैं, उनमें तत्काल संबंधित अधिकारी समाधान की कार्यवाही करवाएं।

चैतीचांद की शोभा यात्रा ड्रोन से होगी पुष्पवर्षा

भोपाल (हिनप्र)। सिंधी सेंट्रल पंचायत भोपाल ने भगवान झूलेलालजी के अवतरण दिवस पर निकलने वाली शोभा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। नशा जहर है का संदेश सिंधी समाज का युवा वर्ग देगा।

शोभायात्रा भगवान झूलेलाल की विधिवत पूजा के बाद सिंधी कॉलोनी, बैरसिया रोड से शाम चार बजे निकलेगी और चारों दिशाओं से मोहल्लों की झांकियां बस स्टेन्ड चौराहे पर इकट्ठा होकर रवीन्द्र भवन मुक्ताकाश पर शाम 7 बजे पहुंचेंगी । पंचायत की झांकी नशे के प्रति जागरूकता विषय पर होगी जबकि विभिन्न मोहल्ले के झांकियों में पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय स्वाभिमान, संतों-महात्माओं के ज्ञान जैसे विषयों पर होंगी।

समाज के समस्त प्रश्नों का समाधान, शिक्षा के मंदिरों से होगा : परमार

भोपाल (काप्र)।

समाज में किसी भी तरह के संकट का समाधान करने कोई और नहीं आएगा। समाज के संकटों के समाधान भी, समाज की ही सहभागिता से संभव हैं। वर्तमान परिदृश्य में जल संकट एक सामाजिक प्रश्न हैं, इसका समाधान भी समाज को ही करना होगा। जल की एक-एक बूंद हमारे लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है! जनजागृति का यह संदेश जन-जन तक पहुंचे और जल संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना की जागृति हो, यह अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। वैश्विक परिधियों में आने वाले समय में कुछ ऐसे भी और संकट हैं, जिनके समाधान हमें शिक्षा के माध्यम से ही मिलेंगे। समाज के समस्त प्रश्नों का समाधान, हमारे शिक्षा के मंदिर ही करेंगे और हम उसकी ओर आगे बढ़ रहे हैं।

यह बात उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन में परमार्थ समाजसेवी संस्था और समर्थन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता के लिए आयोजित दो दिवसीय वॉटर फॉर ऑल - ऑल फॉर वॉटर कार्यक्रम का शुभारम्भ कर कही। श्री परमार ने प्रदेश के बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से आए, नन्हे बच्चों एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के द्वारा जल संरक्षण पर तैयार की गई प्रदर्शनी का शुभारम्भ भी किया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के समापन कार्यक्रम आज से

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई के कार्यों से नई पीढ़ी को अवगत करवाने के लिए विविध आयोजनों के साथ ही सामान्य ज्ञान स्पर्धा भी आयोजित की जाए।

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर गत एक वर्ष में महेश्वर में केबिनेट के आयोजन, बटालियन का नामकरण देवी अहिल्या बाई के नाम पर करने, नाट्य मंचन और चित्र प्रदर्शनी जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां हुई हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवी अहिल्या बाई की महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित जन्मस्थली में भी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये। स्कूली पाठ्यक्रम में लोकमाता के जीवन का विवरण शामिल किया गया है। विद्यालयों में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, इंदौर विश्वविद्यालय में देवी अहिल्या शोध पीठ की स्थापना और लोकमाता के अप्रकाशित पत्रों का प्रकाशन भी किया गया है। लोकमाता के जीवन से जुड़े स्थानों महेश्वर, चित्रकूट, ओरछा, इंदौर, जानापाव, उज्जैन, ममलेश्वर, ओंकारेश्वर, गौमुखघाट, अमरकंटक, बड़वानी, मंदसौर, शिवपुरी आदि स्थानों पर लोक गायन, लोक नृत्य और नृत्य नाटिकाएं गत सितम्बर से फरवरी तक की गई हैं।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम मंत्रालय में देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक में बताया गया कि आगामी 31 मई को लोकमाता पर केन्द्रित स्मारिका का लोकार्पण प्रस्तावित है।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

राणा सांगा का अपमान...

के साथ खड़ा है। '' समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी इस विषय को लेकर कुछ कहने का प्रयास किया, हालांकि सदन में गतिरोध के बीच पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी। हाल में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने उच्च सदन में एक चर्चा में भाग लेते हुए कहा था कि राणा सांगा 'गद्दार' थे, जिन्होंने बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए आमंत्रित किया था। शुक्रवार को राज्यसभा में उस समय भारी हंगामा हुआ जब भाजपा सांसदों ने समाजवादी पार्टी के नेता रामजी लाल सुमन की राजपूत राजा राणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी की निंदा की और उनसे माफी मांगने की मांग की। भाजपा सांसदों को सदन में नारेबाजी करते देखा गया और उन्होंने सपा सांसद के बयान की निंदा करते हुए कार्यवाही को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राणा सांगा पर सुमन के बयान की निंदा की और इसे 'अपमान' करार दिया।

मुश्किल वक्त में...

बातचीत की। श्रीमती अंजली रैकवार के पति के निधन पर 4 लाख रूपए तथा शेष चार हितग्राहियों को 2-2 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री से चर्चा में मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार ने बताया कि इस सहायता से उन्हें पर्याप्त सहारा मिला और वे अब ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख रही हैं। शहडोल की श्रीमती मन्नू ढीमर ने बताया कि वे छोटी किराना दुकान संचालित कर रही हैं। दतिया की श्रीमती कल्लन वाल्मीक, सीहोर की श्रीमती शिव कुमारी और खरगोन की श्रीमती प्रेमलता कर्मा ने बताया कि संबल योजना में मिली सहायता से परिवार के लालन-पालन और बच्चों की पढ़ाई में मदद मिली है।

बिहार को मोदी ...

बोझ न पड़े। डीएपी की कीमत 1350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग पर बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 37,216.15 करोड़ रुपये की एनबीएस सब्सिडी को मंजूरी दी है... इससे करोड़ों किसानों को लाभ होगा। केंद्र सरकार ने 22,919 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ गैर-सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि गैर-सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा क्षेत्र के लिए लाई गई इस प्रोत्साहन योजना से करीब 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आएगा। वैष्णव ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा पीएलआई योजना के तहत निष्क्रिय कलपुर्जों को मंजूरी दी गई है। इस योजना का कुल प्रावधान 22,919 करोड़ रुपये का है। यह छह साल से अधिक समय के लिए होगा।

एटीएम से पैसे...

करना पड़ता है। जिससे यह चिंता उत्पन्न होती है कि क्या इन असफल प्रयासों को मुफ्त लेनदेन सीमा में गिना जाएगा। आरबीआई के सर्कुलर (दिनांक 14 अगस्त, 2019) के अनुसार, तकनीकी समस्याओं - जिसमें हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर की खराबी, संचार त्रुटियाँ, एटीएम में नकदी की कमी या अमान्य पिन प्रविष्टियाँ शामिल हैं - के कारण विफल लेनदेन को वैध लेनदेन के रूप में नहीं गिना जाता है। नतीजतन, ऐसे मामलों में कोई शुल्क लागू नहीं होता है। इसके अतिरिक्त, गैर-नकद लेनदेन जैसे कि शेष राशि की पूछताछ, चेक बुक अनुरोध, कर भुगतान और धन हस्तांतरण - जब जारीकर्ता बैंक के अपने एटीएम पर किया जाता है - को मुफ्त लेनदेन सीमा से बाहर रखा जाता है।

मोदी कल से ...

आधारशिला रखेंगे। उनके संचालन का शुभारम्भ करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ में बिजली ग्रिड को मजबूत करने और बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई बिजली उत्पादन और संचारण परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, आदिवासी और औद्योगिक क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए कई रेल और सड़क परियोजनाओं के विकास की भी शुरुआत की जाएगी। राज्य में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री राज्य के 29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल समर्पित करेंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत तीन लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराएंगे। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी सुबह करीब 10 बजे नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस विस्तार परियोजना के अंतर्गत 250 बिस्तरों वाला अस्पताल, 14 बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और 14 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर विकसित किया जाएगा। इस संस्थान की स्थापना स्वर्गीय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की स्मृति में की गई थी। प्रधानमंत्री अपराह्न करीब 12:30 बजे नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में यूएवी के लिए लोइटरिंग म्यूनिशन टेस्टिंग रेंज और रनवे सुविधा का उद्घाटन करेंगे। नवनिर्मित पट्टी 1250 मीटर लंबी और 25 मीटर चौड़ी है। नागपुर में श्री मोदी हिंदू नववर्ष के शुभारम्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिपदा कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि देंगे। छत्तीसगढ़ में बुनियादी ढांचे के विकास और सतत आजीविका को बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री बिलासपुर में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

सेवासदन में 100 वें निःशुल्क शिविर का औपचारिक शुभारंभ



भोपाल (हिनप्र)। विधायक भगवानदास सबनानी ने सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर का अवलोकन किया। विधायक ने मरीजों से शिविर की उपचार गुणवत्ता, सेवा और देखभाल के बारे में जानकारी ली । इसके पूर्व सिद्धभाऊ ने शिविर में आए सभी डॉक्टर्स के साथ देवी प्रतिमा और साधू संतों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर शिविर का औपचारिक शुभारम्भ किया । सबनानी ने रोगियों से मुलाकात की। सबनानी अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में भी गए। शिविर में किये जा रहे उपचार और दी जा रही सेवा सुविधाओं को देखा। सबनानी ने कहा कि यह संत हिरदाराम साहिब जी का ही पुण्यप्रताप है कि पीड़ित मरीजों को मुफ्त में उच्च गुणवत्ता चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो रही हैं । इस अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी, सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, ट्रस्टी महेश दयारामानी, तुलसी आडवानी, राजकुमार मूलचंदानी और सुरेश आवतरामानी, एल.सी. जनियानी भी विधायक के साथ थे । आज से विभिन्न मूत्र व्याधियों से पीड़ित रोगियों के ऑपरेशन शुरू हो गये हैं । यूरोलॉजिस्ट्स द्वारा पहले दिन 40 रोगियों की सफल शल्य क्रियाएं की गई । इनमें प्रोस्टेट के 9, किडनी में पथरी के 11, ब्लेडर में पथरी के 2, हाइड्रोसिल के एक, हर्निया के 9, सर्कमसीशन के 3, सिस्ट के 5 तथा यूरेथ्रोप्लास्टी के एक ऑपरेशन किये गये।

पांचवीं, आठवीं में साधु वासवानी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भोपाल (हिनप्र)। राज्य शिक्षा केंद्र की कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा में साधु वासवानी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। कक्षा आठवीं के 120 और कक्षा पांचवीं के 119 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। कक्षा आठवीं हर्ष यादव (94प्रतिशत), गितिका (92प्रतिशत), दिव्यांशी रजक और प्रगति शर्मा (90.5प्रतिशत) और पुनीत भारके (88प्रतिशत), उमा सम्हल (89प्रतिशत) और अमित रजक (86प्रतिशत) अंक हासिल किए हैं। कक्षा पांचवीं में याशिका लेखवानी (94.2प्रतिशत), भूमि साधवानी (91प्रतिशत) लक्ष्य हासले (90.4प्रतिशत) अंक हासिल किए हैं। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय मार्गदर्शक सिद्धभाऊजी, स्कूल प्रबंधन और अपने अभिभावकों को दिया है।

काम विजय है महारास लीलाः शैलेन्द्र कृष्ण

भोपाल (काप्र)। पंचवटी करोंद भोपाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस वृन्दावन धाम से पधारे राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मपथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण एवं गोपियों के दिव्य महारास का वर्णन किया शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की चाँदनी में वृन्दावन की भूमि यमुना पुलिन वंशीवट पर रात्रि में भगवान दिव्य महारास किया महाराज ने बताया की भगवान की महारास लीला पर कभी कोई शंका मत करना क्योंकि ये लीला किसी साधारण पुरुष की नहीं ये परमात्मा की लीला जिसने शंसय नहीं करना चाहिए एवं महारास लीला काम विजय लीला महारास में भगवान ने काम पर विजय प्राप्त की जीव ईश्वर मिलन का नाम ही महारास है।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना श्यामला हिल्स भोपाल

फोन नं. 0755-2677310, 2661477 E-mail psshyamla@gmail.com

क्रं./थाप्र. /श्या. / गुम इन्सान क्रं. 07/2025 दिनाँक 24/03/2025

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना श्यामला हिल्स पर गुम इन्सान क्रमांक 07/2025 का कायम कर जांच मे लिया गया जिसमे गुमशुदा जगदीश साहु पिता स्व. अमर सिंह साहु उम्र 53 साल निवासी म.न. 85 आदिवासी मोहल्ला श्यामला हिल्स भोपाल दिनांक 11/03/2025 को समय लगभग सुबह 15.30 बजे से लापता है जिसका हुलिया चेहरा लम्बा कद 5 फिट लगभग रंग गेहूआ पहनावा पीले रंग की धारीदार शर्ट व काले रंग की पैन्ट पैरो मे चप्पल पहने है दोनो हाथ में जले का सफेद निशान व दाए भुजा पर त्रिशुल का गुदना है जो शराब पीने का आदी है जिसकी तलाश की जा रही है गुमशुदा जगदीश साहु के संबंध मे कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना श्यामला हिल्स भोपाल के दूरभाष क्रं. 0755-2677310 व जांचकर्ता सउनि रविश पटेल को मो. 9165528409 पर सूचित करे।

जी-24886/24

थाना प्रभारी
थाना श्यामला हिल्स भोपाल

न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक-8076/अ-6/2024-25
मौजा-बरखेड़ा नाथू तहसील हुजूर, भोपाल

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सविता गिरी पत्नी श्री ऋषि गिरी निवासी मूल निवसी 392 चंद्रेशवर नगर बंगाली बस्ती माया कुड ऋषिकेश देहरादून उत्तराखंड हाल निवासी 1243 भीम नगर तहसील हुजूर जिला भोपाल ने द्वारा म. प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 059702019ए 1445636 दिनांक 25.6.2019 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 544/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 कुल रकबा 600 वर्गफिट ग्राम बरखेड़ा नाथू प.ह.न., तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 11.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27.03. 2025 को जारी किया गया।

4018

तहसीलदार
तहसील-हुजूर भोपाल

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं.01 रापडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)

रा.प्र.क्र./अ-12/2024-25
ग्राम का नाम समरधा कलियासोत
प.ह.नं.04 तहसील कोलार जिला भोपाल

सूचनापत्र (वास्ते सीमांकन)

प्रति,1 राजेश जैन पिता पी. सी. जैन, निवासी भोपाल एवं श्री थामस सेमुअल पिता एम. बी. सेमुअल नि. साकेत नगर भोपाल 2. श्री साजू अंथोनी, श्री बीजू अंथोनी पिता के. के. अंथोनी नि. सुभाष नगर भोपाल, 3. रणवीर कुमार सूद पिता प्योर किसन सूद नि. अरेरा कॉलोनी भोपाल, 4 ज्ञानदेवी पत्नी युवराज सिंह, रेखा राठोर पत्नी डी. एस. राठोर नि. साकेत नगर भोपाल, 5. मे. कर्मयोग बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा सतीश बंसल, पुत्र विष्णु बंसल, नि. 28 बी, इब्राहिमपुरा भोपाल, 6. भोजपाल बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा.लि.मि.द्वारा रेखा मुलानी पत्नी के.एल. मुलानी नि. भोपाल, 7. सुमन सिंह पत्नी एम. के. सिंह नि. एस-1135 नेहरू नगर भोपाल, 8. सोना दांगी ठाकुर पत्नी मोहर सिंह दांगी, नि. बावडिया कलां भोपाल, 9. प्रतीक मित्तल पुत्र स्व. श्री के. सी. मित्तल नि. भोपाल, 10. ग्राम कोटवार, 11. हल्का पटवारी श्री मुकूल सराठे की ओर सूचनार्थ)

विषयः- सीमांकन किये जाने हेतु बाबत् सूचना पत्र। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बीजू एंथोनी/ पिता स्व. श्री के.के. एंथोनी व अन्य निवासी अमरावद कला भोपाल द्वारा ग्राम समरधा कलियासोत प.ह.नं. 04 तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा नंबर 137,139, 141 रकबा 0.0700, 0.1900, 0.0900 कुल रकबा 0.3500 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 04/04/2025 को समय प्रातः बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति होतो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा मे सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक मे परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार, जिला भोपाल

4019

THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
DRB/795/21-7-98
Add :- SOCIETY OFFICE AT SANJEEV NAGAR
Estimate for Boards providing and fixing as per attached specifications, Boom Barrier, Painting of grill of different Park and Remaining S/S Railing around Maharana Pratap Statue in Maharana Pratap Shaurya Garden at Sanjeev Nagar Bhopal.

1. **Name of Works:** Estimate for Boards providing and fixing as per attached specifications, Boom Barrier, Painting of grill of different Park and Remaining S/S Railing around Maharana Pratap Statue in Maharana Pratap Shaurya Garden at Sanjeev Nagar Bhopal.
2. Estimated Cost : Rs. 4, 23,416/-
3. EMD : RS. 4,234/-
4. Time for completion : 3 Months (Including rainy season)
5. Date of purchasing tender form : Up to 5:00 PM Date 03/04/2025
6. Date of Submitting of tender form : Up to 3:00 PM Date 04/04/2025
7. Date of opening tender form : 5:00 PM Date 04/04/2025
8. Cost of tender form : Rs. 500.00
9. Address : Society office at Sanjeev Nagar, Bhopal
10. Mobile No. : 9425021704

President
THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL

4020

THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
DRB/795/21-7-98
Add :- SOCIETY OFFICE AT SANJEEV NAGAR
Construction of Sulabh Sauchalaye near community hall at Sanjeev Nagar Bhopal.

1. **Name of Works:** Construction of Sulabh Sauchalaye near community hall at Sanjeev Nagar Bhopal.
2. Estimated Cost : Rs. 6, 90,625/-
3. EMD : RS. 6,906/-
4. Time for completion : 3 Months (Including rainy season)
5. Date of purchasing tender form : Up to 5:00 PM Date 03/04/2025
6. Date of Submitting of tender form : Up to 3:00 PM Date 04/04/2025
7. Date of opening tender form : 5:00 PM Date 04/04/2025
8. Cost of tender form : Rs. 500.00
9. Address : Society office at Sanjeev Nagar, Bhopal
10. Mobile No. : 9425021704

President
THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL

4021